तारीख हुक्म	मदनलाल बनाम सत्यनारायण हुक्म या कार्यवाही मय लघुहस्ताक्षर जज प्रार्थना अस्थाई निषे. मु.न. 509/17	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तालीम में जारी हुए
30.01.2023	वकील वादीगण के प्रार्थना पत्र मिसल तलबी का पेश करने पर पत्रावली आगामी तारीख पेशी 09.03.2023 से पूर्व तलब होकर पेश हुई। वकील प्रार्थीगण ने उपस्थित होकर अपने द्वारा पूर्व में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र कायम मुकामान् प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 1 को स्वीकार किये जाने का निवेदन किया। जिस पर उपस्थित वकील अप्रार्थीगण ने प्रार्थना पत्र को स्वीकार किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना प्रार्थना पत्र पर अंकित किया। अतः वकील अप्रार्थीगण की अनापत्ति के आधार पर प्रार्थना पत्र कायम मुकामान् प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 1 को स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थी व अप्रार्थी संख्या 1 के कायम मुकामान् को रिकार्ड पर लिया जाता है। वकील प्रार्थी ने संशोधित शीर्षक प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का पेश किया। जो शामिल पत्रावली किया गया। वकील प्रार्थीगण ने एक प्रार्थना पत्र बाबत प्रार्थीगण एंव अप्रार्थीगण के मध्य राजीनामा हो जाने से प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा का पेश किया। जिस पर वकील अप्रार्थीगण ने कोई आपत्ति नहीं होना अंकित किया। अतः वकील अप्रार्थीगण की अनापत्ति के आधार पर प्रार्थना पत्र विड्रा स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थना पत्र अस्थाई निषेधाज्ञा को विड्रा किये जाने की स्वीकृति दी जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। 30/01/23 (दिलीप सिंह) सहायक कलक्टर (एवं दण्डनायक) श्रीगंगानगर (सांकेतिक)	

Signature Not Verified

Digitally signed by Dilip Singh
Date: 2023.02.21 11:37:03 IST
Reason: SelfAttested